कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुजफ्फरपुर |

सूचना

निर्देशानुसार, सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय पटना के पत्रांक 44510- 546 दिनांक 10. 08. 2015 एवं 49195- 231 दिनांक 28. 08. 2015 के आलोक में मुजफ्फरपुर न्यायमंडल में परिचारी (Attenders) के पद पर नियोजन हेतु नियोजनालय, मुजफ्फरपुर द्वारा भेजे गए 50 अभ्यर्थियों का क्रमशः दिनांक 07. 01. 2026, 08. 01. 2026 एवं 09. 01. 2026 को अपराह्न 04:35 बजे, व्यवहार न्यायालय, मुजफ्फरपुर परिसर के कांफ्रेंस हॉल में साक्षात्कार का आयोजन होना निश्चित था | माननीया प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश- सह- अध्यक्ष, नियुक्ति समिति, व्यवहार न्यायालय, मुजफ्फरपुर के प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय जुडिशल अकादमी, भोपाल में निर्धारित हो जाने के कारण उक्त साक्षात्कार की तिथि को दिनांक 18. 01. 2026 (रविवार) को पुनर्निर्धारित किया जाता है |

साक्षात्कार में शामिल होने हेतु रिपोर्टिंग का समय 10:00 बजे पूर्वाह्न निर्धारित किया जाता है |

साक्षात्कार हेतु कॉल लेटर डाक के माध्यम से निर्गत किया जा चुका है | पूर्व में निर्गत साक्षात्कार हेतु प्रवेश पत्र दिनांक 18. 01. 2026 के तिथि को साक्षात्कार हेतु मान्य होगा तथा पुनर्निर्धारित तिथि को साक्षात्कार हेतु पुनः प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा |

सभी अभ्यर्थियों को सूचनार्थ |

प्रभारी प्रशासन

व्यवहार न्यायालय, मुजफ्फरपुर |

6-1-26